यूपी बनेगा लीथियम बैटरी रीसाइक्लिंग का बड़ा केंद्र

लखनऊ, विशेष संवाददाता। यूपी में सर्कुलर इकॉनमी के तहत पहला उत्कृष्टता केंद्र नोएडा में खुलेगा। इसके जरिए कार्बन लिथियम-आयन बैटरी की रीसाइक्लिंग होगी। इसके जरिए जलवायु-तकनीक को आगे बढ़ाने के क्षेत्र में अनुसंधान व शोध होगा। इससे इलेक्ट्रिक वाहनों व हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग को बढ़ावा मिलेगा।

इसके लिए यूपी सरकार ने इसके लिए लोहुम क्लीनेट कंपनी को दी विशेष अनुमति दी है। कंपनी 40 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। उत्कृष्टता केंद्र में खर्च हो चुकी लिथियम-आयन बैटरियों से बैटरी ग्रेड ग्रेफाइट के पुनर्जनन के माध्यम से लिथियम-आयन बैटरियों के पुनर्चक्रण की एक नई परियोजना चालू होगी। इस काम के लिए कंपनी ने एक एनजीओ के रूप में काम करने का प्रस्ताव दिया। इसे मंजूर कर लिया गया।

असल में उत्कृष्टता केंद्र निर्माण व संचालन का काम एनजीओ के जरिए ही होने का नियम है। यह उत्कृष्टता केंद्र उद्यमशीलता को बढ़ावा देने, संसाधन दक्षता, सर्कुलर अर्थव्यवस्था, गुणवत्ता सुधार, व उद्योग 4.0 के लिए मैन्यूफैक्चरिंग से संबंधित नए अनुसंधान व विकास गतिविधियों को बढ़ावा देने का काम करेगा।